उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड, देहरादून

लेन नं० 3, भवन संख्या–23, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून।

E-mail:ukmssbdun@gmail.com,**Website**: www.ukmssb.org, **Phone**: 0135- 2665366

विज्ञप्ति– 45/2026 **दिनांकः** 08 अक्टूबर, 2026

–:अंतिम परीक्षा परिणामः–

कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों का अन्तिम परीक्षा परिणाम

उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्या– उ0चि0से0च0बो0/परी0/06/2024–25/294, दिनांकः 09 अप्रैल 2026 के माध्यम से कर्मचारी राज्य बीमा योजना, श्रम चिकित्सा सेवायें उत्तराखण्ड के अन्तर्गत चिकित्सा अधिकारी (एलोपैथिक) के रिक्त 47 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसके क्रम में दिनांक – 03 अगस्त 2026 से 10 अगस्त 2026 तक अर्ह अभ्यर्थियों की साक्षात्कार परीक्षा कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड में आयोजित की गई।

बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर अभिलेख सत्यापन के उपरान्त साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा में प्राप्त किये गये कुल अंकों, जिसमें मौखिक परीक्षा (Viva) तथा एम0बी0बी0एस0 परीक्षा, अत्तिरिक्त शैक्षिक अर्हता, तथा अनुभव के आधार पर प्राप्त अंक सम्मिलित है, के आधार पर रिक्तियों की संख्या के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की श्रेष्ठता सूची (Merit List) श्रेणी/उप श्रेणीवार तैयार की गई है। श्रेष्ठता सूची में ऊर्ध्व एवं क्षैतिज आरक्षणों को लागू करते हुए अन्तिम परीक्षा परिणाम तथा अभिलेख सत्यापन में वांछित अर्हता धारित न करने या अन्य कारणों से अंतिम रुप से अनर्ह अभ्यर्थियों की सूची दिनांक– 08 अक्टूबर 2026 को बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट www.ukmssb.org के माध्यम से प्रसारित कर दिया गया है।

ह0/–
(सुनील सिंह)
सचिव